


# अटल विश्वास पत्र

## नगरीय निकाय चुनाव 2025



**भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़**



# प्रदेश निर्माता श्रद्धेय अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष को समर्पित

# घोषणा पत्र समिति

**श्री अमर अग्रवाल**
संयोजक

**श्री सुनील सोनी**
सह संयोजक

## सदस्य

- श्री भूपेंद्र सवन्नी
- श्री प्रफुल विश्वकर्मा
- श्री पुन्नूलाल मोहले
- श्री अजय चंद्राकर
- श्री राजेश मूणत
- श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय
- श्री चंद्रशेखर साहू
- श्री मोतीलाल साहू
- श्री प्रबोध मिंज
- श्री नीलकंठ टेकाम
- श्री रिकेश सेन
- श्री राजेश अग्रवाल
- श्री मधुसूदन यादव
- श्री संजय श्रीवास्तव
- श्री अनुराग सिंह देव
- श्री पंकज झा
- श्री राकेश पाण्डेय
- श्री दीपक म्हस्के
- श्रीमती सफीरा साहू
- श्रीमती अम्बिका यदु
- श्री शशांक शर्मा
- श्री उज्जवल दीपक
- श्री हेमंत पाणिग्राही

# संदेश

**प्रिय मतदाता बहनों-भाइयों,**

नगरीय निकाय चुनाव 2025 में भारतीय जनता पार्टी के लिए दिया आपका हर एक वोट, छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य की असली ताकत बनेगा। "हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे" के संकल्प के साथ प्रदेश को समृद्धि और सुख-शांति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में भाजपा सरकार ने निरंतर प्रयास किया है। केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार ने जो कार्य किए हैं, वे सबके सामने है । हमने विकास, स्वच्छता और पारदर्शिता में नई उदाहरण प्रस्तुत की है।

पिछले पांच वर्षों में हमारे नगरीय निकायों में कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार और कुशासन का नया अध्याय लिख दिया। केंद्र और राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में हमेशा बाधा उत्पन्न की गई। इन योजनाओं के सही तरीके से क्रियान्वयन में कांग्रेस सरकार ने हमेशा रोड़े अटकाए, जिससे जनता को उनका पूरा लाभ नहीं मिल पाया।

नगरीय निकायों के समग्र विकास के लिए हमने जो विश्वास पत्र तैयार किया है, वह आपके मूल्यवान सुझावों और अपेक्षाओं के आधार पर है। हमारा प्रमुख उद्देश्य केवल योजनाओं का निर्माण नहीं, बल्कि उन योजनाओं को साकार रूप में लागू कर, नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारना है। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर हम दृढ़ संकल्पित हैं ।

अब समय आ गया है कि भाजपा की सत्ता को स्थानीय निकायों में भी मजबूत करें, ताकि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का हर नागरिक को पूरा लाभ मिल सके। इस नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को चुनकर, केंद्र और राज्य के बाद अब निकायों में भी जनसेवा का अवसर दें। हम आपके सहयोग से नगरों को भी विकास की नई दिशा में ले जाएंगे, और हर गली, हर घर तक विकास की रोशनी पहुचाएंगे। हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे।
धन्यवाद!



आपका अपना

**विष्णु देव साय**
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

# संदेश


**प्रिय मतदाता बहनों-भाइयों,**

विकसित और खुशहाल छत्तीसगढ़ के निर्माण की अटल गारंटी और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, केंद्र और छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने जनकल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हमारे प्रदेश के सहज एवं संवेदनशील मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी के सुशासन में राज्यहित में शुरू की गई योजनाओं ने छत्तीसगढ़ के विकास को एक नई दिशा दी है । इन योजनाओं का लाभ आज हर व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

कांग्रेस द्वारा हमारे शहरों और नगरों में फैलाए गए कुशासन को समाप्त करने का समय अब आ गया है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के कारण जो बाधाएं खड़ी की गईं, उन्हें हम अब समाप्त करेंगे और विकास की नई दिशा में आगे बढ़ेंगे। अब हम अपने नगरीय निकायों के विकास को सही मार्ग पर लाएंगे, जहां जन हितकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ हर नागरिक तक पहुंचे।

हमारे विश्वास पत्र में आपके विचारों का समावेश करते हुए, हमने यह निश्चय किया है कि हमारे द्वारा किए जाने वाले सभी कार्य आपके जीवन स्तर को सुधारने और आपके शहरों को समृद्धि एवं प्रगति की नई दिशा में ले जाने के लिए होंगे।

केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार हमारे देश और छत्तीसगढ़ की उन्नति और विकास के लिए दिन-रात कार्यरत है। इसलिए अब आपको अपने स्थानीय निकायों में भी भाजपा की सरकार को चुनना है तथा शहरों और नगरों में विकास की गति को तिगुनी रफ्तार से बढ़ाना है। भाजपा को दिया गया आपका हर एक अमूल्य मत, आपके नगर के विकास के पथ में एक नया अध्याय लिखेगा। हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे।
धन्यवाद!



आपका अपना

**किरण सिंह देव**
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा छत्तीसगढ़

# प्रमुख वादे

1. हम **नजूल भूमि** के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाएंगे। साथ ही, हम सभी **पट्टा धारकों को भू- स्वामी** बनाएंगे।

2. हम रुके हुए पीएम आवास-शहरी परियोजनाओं को, और वर्तमान में स्वीकृत हुए **3 लाख PMAY-U घरों** को तेजी से पूरा करेंगे। इसके साथ ही, जो **बिजली बिल और समेकित कर** पटाते है, उन्हें आवास **बनाने की पात्रता** दी जाएगी।

3. हम महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर **प्रॉपर्टी कर में 25% की विशेष छूट** प्रदान करेंगे। प्रत्येक माह की 7 तारीख से पहले **संपत्ति कर का भुगतान करने वालों को 10% की विशेष छूट** प्रदान करेंगे।

4. हम प्रत्येक नगर निगम में **'महापौर सम्मान निधि'** की स्थापना करेंगे, जिसके तहत **यू.पी.एस.सी. मुख्य परीक्षा (MAINS)** उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को **₹1 लाख** की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

5. हम प्रत्येक नगर निकाय के **व्यावसायिक केंद्रों में बिजली, सड़क, शौचालय, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं** की समुचित व्यवस्था करेंगे।

# प्रमुख वादे

6 हम बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए **पिंक टॉयलेट** की सुविधाओं का विस्तार करेंगे, ताकि उन्हें साफ, सुरक्षित और सुविधाजनक शौचालय मिल सके।

7 हम **विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा** सुनिश्चित करेंगे।

8 हम स्ट्रीट वेंडर्स के सहयोग के लिए **पीएम स्वनिधि के माध्यम से ₹30,000 की वित्तीय सहायता** प्रदान करेंगे। इसके साथ ही, हम **स्मार्ट वेंडिंग ज़ोन, फूड स्ट्रीट्स** की स्थापना करेंगे और एक **समुचित नीति** बनाएंगे, जिससे सड़क व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

9 **समाधान योजना** के माध्यम से हम **बिना जुर्माना या ब्याज लगाए** पुराने संपत्ति कर के लिए **एकमुश्त निपटान** प्रदान करेंगे।

10 हम विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्राओं के लिए **फ्री सैनिटरी नैपकिन की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।**

# प्रमुख वादे

**11** हम स्वयं-सहायता समूहों (SHGs) के लिए हर नगर निगम में **बर्तन बैंक** की स्थापना करेंगे। इसके साथ ही **महतारी वंदन योजना** के SHG लाभार्थियों को **₹2.5 लाख तक का ऋण** और **मुफ्त प्रशिक्षण** प्रदान करेंगे, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बने।

**12** हम **यूज़र चार्ज** का युक्त युक्तिकरण करेंगे।

**13** हम स्वच्छ और स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हर घर में **कचरा बाल्टी** मुहैया कराएंगे, **रात्रिकालीन सफाई** सुनिश्चित करेंगे और **स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम** के माध्यम से कचरा संग्रहण मार्गों की ट्रैकिंग करेंगे।

**14** हम **'माई सिटी ऐप'** लॉन्च करेंगे, जो नगर निगम की सभी ऑनलाइन सेवाओं को सुनिश्चित करेगा। हम **हर ज़ोन में एक एकीकृत सेवा केंद्र** स्थापित करेंगे ताकि लोगों को बार बार निगम दफ्तर नहीं जाना पड़े।

**15** हम हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए **नल से जल की व्यवस्था को बेहतर करेंगे, नए जल टैंक बनाएंगे** और **पुराने कुओं का संरक्षण और पुनरुद्धार** करेंगे।

# प्रमुख वादे

16 हम छत्तीसगढ़ को **सिकल सेल एनीमिया मुक्त प्रदेश बनाएंगे**, जिसके तहत निगम क्षेत्रों में स्क्रीनिंग केंद्र स्थापित करेंगे और सभी मरीज़ों को सिकल सेल एनीमिया पहचान पत्र जारी करेंगे।

17 हम प्रत्येक **तालाब के लिए प्रभावी प्रणाली स्थापित** करेंगे और इसे **एस.टी.पी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) से जोड़ेंगे ताकि तालाबों की स्वच्छता हो सके।**

18 हम **'गोकुल नगर'** का विस्तार करेंगे, ताकि गोवंश संरक्षण, उनकी देखभाल और आवास के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

19 हम शहरों में शासकीय जगहों पर **कार और दोपहिया वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग** का निर्माण करेंगे, जिससे यातायात पार्किंग की समस्याओं और जाम का समाधान सुनिश्चित होगा।

20 हम प्रमुख नगर निकाय में **नालंदा परिसर** पर आधारित सार्वजनिक अध्ययन केंद्र शुरू करेंगे और **पुस्तकालयों में सीटों की संख्या भी बढ़ाएंगे।**



# शहरी विकास

## हमने किया

- छत्तीसगढ़ में **भारतमाला परियोजना** के पहले चरण के तहत **₹12,700 करोड़ की लागत वाली 670 कि.मी.** लंबी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। दूसरे चरण में रायपुर में एक लॉजिस्टिक पार्क सहित **₹9,240 करोड़ की लागत वाली 33** परियोजनाएं शामिल है।
- भाजपा सरकार की **नियद नेल्लानाड योजना** के तहत बस्तर **क्षेत्र में सुरक्षा शिविरों के पांच कि.मी.** के दायरे में स्थित गांवों को **32 कल्याणकारी कार्यक्रमों** का लाभ मिल रहा है।
- भाजपा सरकार के तहत **नया रायपुर** को एक योजनाबद्ध शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं, जैसे **बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम** (BRTS) और **लाइट रेल ट्रांजिट सिस्टम** (LRTS)।
- **प्रधान मंत्री ई-बस सेवा योजना** के तहत छत्तीसगढ़ को **69 ई-बसों** की स्वीकृति दी गई है।
- छत्तीसगढ़ को अक्टूबर 2017 में **ODF घोषित** किया गया था।
- छत्तीसगढ़ की सभी **187 नगरीय निकायों में अटल कॉम्प्लेक्स का निर्माण** किया गया है।

## कांग्रेस का कुशासन

- कांग्रेस सरकार ने **राज्य में 200 फूड पार्क** स्थापित करने का वादा किया था, जिसमें हर ब्लॉक में कम से कम एक पार्क होना था, लेकिन बघेल की कांग्रेस सरकार ने कुछ भी नहीं बनाया।
- कांग्रेस शासित नगर निगमों में **ट्रैफिक कंजेशन** का **कोई हल नहीं निकला** और **शहरी विकास** के नाम पर सिर्फ **हवाई बातें** हुईं।
- कई इलाकों में **मल्टी-लेवल पार्किंग, ट्रैफिक लाइट्स, ज़ेब्रा क्रॉसिंग** और **ओवरब्रिज** जैसे **बुनियादी इंतजाम** तक नहीं किए गए, जो कांग्रेस के **विकास के झूठे दावों** की **बड़ी पोल** खोलते हैं।

# हमारे वादे

## शहरी विकास

- हम शहरों में शासकीय जगहों पर **कार और दोपहिया वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग** का निर्माण करेंगे, जिससे यातायात पार्किंग की समस्याओं और जाम का समाधान सुनिश्चित होगा।
- हम स्ट्रीट वेंडर्स के सहयोग के लिए पीएम स्वनिधि के माध्यम से **₹30,000 की वित्तीय सहायता** प्रदान करेंगे। इसके साथ ही, हम **स्मार्ट वेंडिंग ज़ोन, फूड स्ट्रीट्स** की स्थापना करेंगे और एक **समुचित नीति** बनाएंगे , जिससे सड़क व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।
- हम **अग्निशमन सेवाओं को आधुनिक उपकरणों और रैपिड एक्शन** से सशक्त बनाएंगे। साथ ही सभी सार्वजनिक भवनों में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुरूप **अनापत्ति प्रमाणपत्र (NOC) सुनिश्चित करेंगे,** ताकि सुरक्षा और आपातकालीन सहायता को प्रभावी बनाया जा सके।
- हम प्रत्येक नगर निगम को **आवारा पशुओं की समस्या से मुक्त** करेंगे। इसके साथ ही आवारा कुत्तों की संख्या को न्यूनतम करने के लिए हम एक **समग्र नीति** तैयार करेंगे।
- हम नगर निकाय क्षेत्रों में सब्जी विक्रेताओं के लिए **सुनियोजित व्यवस्था करेंगे**, ताकि यातायात की समस्या का समाधान हो और सब्जी विक्रेताओं को भी व्यापार करने में सुविधा रहे।
- हम प्रत्येक नगर निगम में एक **आधुनिक सार्वजनिक बाजार और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाएंगे,** जिसमें विक्रेताओं के लिए जगह और नागरिकों के लिए स्वच्छ और सुलभ व्यापार का वातावरण प्रदान किया जाएगा।
- हम अपने शहरी नियोजन में **ग्रीन बेल्ट** और **वृक्षारोपण** पर ज़ोर देंगे जिसके लिए हरे-भरे स्थान और **मनोरंजन क्षेत्र** बनाकर, हम **वायु की गुणवत्ता** में सुधार, **जैव विविधता** को बढ़ावा और निवासियों के स्वास्थ्य के लिए **स्वच्छ पर्यावरण** सुनिश्चित करेंगे।
- हम शहरी आवागमन को बेहतर बनाने के लिए **स्थानीय सड़कों और फुटपाथों** का निर्माण करेंगे। साथ ही, हम कुशल और स्थायी शहरी परिवहन के लिए **AI और IoT का उपयोग करके स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन** लागू करेंगे।
- हम **जर्जर स्थिति** में मौजूद सरकारी संपत्तियों को ध्वस्त कर उन्हें **आधुनिक, सुरक्षित और उपयोगी संरचनाओं** में परिवर्तित करने हेतु एक सुनियोजित नीति बनाएंगे।
- हम हर निगम में सौर ऊर्जा लैस **100% L.E.D. स्ट्रीट लाइटिंग** सुनिश्चित करेंगे।
- हम सभी नगर निकाय में **ई-बस सेवा का विस्तार** करेंगे।
- हम **ऑटो स्टैंड और चार्जिंग स्टेशन का निर्माण** करेंगे, ताकि परिवहन की सुविधा को और बेहतर बनाया जा सके और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सुविधाजनक चार्जिंग स्थल उपलब्ध हो सके।
- हम हर नगर निगम में **AI-आधारित सीसीटीवी कैमरे** लगाएंगे, ताकि सुरक्षा, निगरानी और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। इन कैमरों को **एकीकृत कमांड सेंटर से जोड़ा जाएगा,** जहां से पूरे क्षेत्र की निगरानी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
- हम हर नगरीय निकाय में **50 फ्री वाई-फाई स्पॉट** विकसित करेंगे।



# राजस्व

## हमने किया

- भाजपा सरकार ने उद्यमियों की सुगमता सुनिश्चित करने और **जीएसटी** से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए **'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सेल'** की शुरुआत की।
- **भाजपा सरकार** ने ऑनलाइन **संपत्ति पंजीकरण** के लिए **'सुगम' ऐप** लांच किया, जिससे निवासियों को घर से सुविधा मिलती है।
- **पूर्ववर्ती भाजपा सरकार** ने राज्य और स्थानीय निकायों द्वारा लगाए गए करों और शुल्कों के लिए एक सामान्य ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया।

## कांग्रेस का कुशासन

- पूर्व की कांग्रेस सरकार ने **प्रॉपर्टी टैक्स** में **50% कमी का वादा किया** था, लेकिन यह वादा कभी पूरा नहीं हुआ।
- राज्य में कांग्रेस शासित नगर निगमों में कर वसूली में कई तरह की अनियमितताएँ जारी है। कई नगर निगम जैसे **अंबिकापुर, धमतरी, कुम्हारी और कांकेर में इन** अनियमितताओं के कारण ईमानदार करदाताओं का भी विकास बाधित हुआ है।
- कांग्रेस सरकार के अंतर्गत **₹ 540 करोड़ के कोयला लेवी घोटाले** में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी नेताओं और अधिकारियों का हाथ था, जिसकी मदद से अवैध ₹ 25 प्रति टन की वसूली की जा रही थी।
- पूर्व की कांग्रेस सरकार ने **₹ 5,000 करोड़ का चावल घोटाला** किया, जिसमें पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत चावल का **68,000 टन हिस्सा का गबन हुआ।**

# हमारे वादे

## राजस्व

- हम **नजूल भूमि के स्वामित्व** के लिए नया कानून बनाएंगे। साथ ही, हम सभी **पट्टा धारकों को भू- स्वामी** बनाएंगे।
- हम महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर **प्रॉपर्टी कर में 25% की विशेष छूट** प्रदान करेंगे। प्रत्येक माह की 7 तारीख से पहले **संपत्ति कर का भुगतान करने वालों को 10% की विशेष छूट** प्रदान करेंगे।
- **समाधान योजना** के माध्यम से हम **बिना जुर्माना या ब्याज लगाए** पुराने संपत्ति कर के लिए **एकमुश्त निपटान** प्रदान करेंगे।
- हम प्रत्येक नगर निकाय के **व्यावसायिक केंद्रों में बिजली, सड़क, शौचालय, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं** की समुचित व्यवस्था करेंगे।
- हम **यूज़र चार्ज** का युक्त युक्तिकरण करेंगे।





# महिला

## हमने किया

- **महतारी वंदन योजना** के तहत छत्तीसगढ़ की **70 लाख महिलाओं को ₹1,000 प्रति माह** मिल रहा है।
- **मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना** के तहत गरीब परिवार की कन्याओं को विवाह के लिए **₹50,000** की आर्थिक सहायता दी जा रही है।
- भाजपा सरकार की **महतारी शक्ति ऋण योजना** के तहत महिलाओं को **₹25,000** तक के ऋण एकमुश्त, बिना किसी गारंटी के दिया जा रहा है।
- **प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में **₹174 करोड़** का फंड जारी किया गया, जिससे **9.46 लाख** से अधिक महिलाओं को **गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान वित्तीय सहायता** मिली।

## कांग्रेस का कुशासन


- कांग्रेस राज में महिलाओं की सुरक्षा ताक पर रख दी गयी थी, **महिला थानों के वादे किए, मगर हकीकत में एक ईंट तक नहीं रखी।**
- **कांग्रेस सरकार ने SHG महिलाओं को ऋण माफी का झूठा सपना दिखाया**, वह वादा पूरा करने में पूरी तरह विफल रही। नतीजा यह हुआ कि **22,000 महिलाएं अपनी नौकरियों से हाथ धो बैठीं, और उनके परिवारों पर संकट आ गया।**
- कांग्रेस की **सी-मार्ट योजना** महिलाओं को सशक्त बनाने के नाम पर धोखा निकली, **60% सामान बाहरी कंपनियों से खरीदा गया**, जबकि छत्तीसगढ़ी महिलाओं के उत्पादों को नजरअंदाज कर दिया गया।
- कांग्रेस सरकार ने **सर्व-विधवा पेंशन में ₹1,000 महीना देने का वादा किया**, लेकिन सत्ता मिलते विधवाओं और महिलाओं को सहारा देने के वादे से मुकर गई।

# हमारे वादे

## महिला

- हम **आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र** संचालित करेंगे, जहां बच्चों और माताओं के **पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य** की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।
- हम स्वयं-सहायता समूहों (SHGs) के लिए हर नगर निगम में **बर्तन बैंक** की स्थापना करेंगे। इसके साथ ही **महतारी वंदन योजना** के SHG लाभार्थियों को **₹2.5 लाख तक का ऋण** और **मुफ्त प्रशिक्षण** प्रदान करेंगे, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बने।
- हम विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्राओं के लिए **फ्री सैनिटरी नैपकिन** की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे, ताकि उनकी स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरतों का ध्यान रखा जा सके।
- हम **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY)** को पूर्ण रूप से लागू करते हुए **पात्र परिवारों को गैस कनेक्शन सुनिश्चित** करेंगे।
- हम हर नगर निगम में **कामकाजी महिलाओं के लिए मौजूदा हॉस्टलों** की सेवाओं और सुविधाओं का विस्तार करेंगे।
- एनीमिया मुक्त भारत अभियान के माध्यम से हम सभी महिलाओं के लिए **नियमित रूप से आयरन, फोलिक एसिड और आवश्यक विटामिन** की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।






# आवास

## हमने किया

- **प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (PMAY-G)** के अंतर्गत **2024-2025** में **6,225** घरों का निर्माण किया गया है।
- भाजपा सरकार ने आते ही **पहली कैबिनेट मीटिंग** में प्रदेश में **18 लाख** पीएम आवास स्वीकृत किए।
- केंद्र की **प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (PMAY-U)** योजना के अंतर्गत 50 हज़ार आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है।
- राज्य शासन द्वारा जरुरतमंदो को किफायती आवास उपलब्ध कराने हेतु दी जा रही **₹4.75 लाख प्रति आवास को बढ़ाकर** अब **₹5.75 लाख** किया गया है।

## कांग्रेस का कुशासन

- कांग्रेस सरकार के दौरान राज्य में **16 लाख गरीब परिवार को प्रधान मंत्री आवास योजना** से **वंचित रख कर उन्हें पक्के छत से दूर रखा।**
- कांग्रेस सरकार ने 2020-22 के बीच राज्य हिस्से के फंड जारी नहीं किए, जिससे **12.73 लाख घरों का लक्ष्य वापस ले लिया गया।** ग्रामीण विकास मंत्रालय के कई अलर्ट के बावजूद, बघेल सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की।
- **खुद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, टी.एस. सिंह देव** ने कांग्रेस सरकार के प्रति अपनी नाखुशी जताते हुए बीच कार्यकाल में **इस्तीफा दे दिया**, क्योंकि **आवास योजना** के अंतर्गत बघेल सरकार ने पैसा नहीं दिया था।

# हमारे वादे

## आवास

- हम रुके हुए पीएम आवास-शहरी परियोजनाओं को तथा वर्तमान में स्वीकृत हुए **3 लाख PMAY-U घरों** को तेजी से पूरा करेंगे। इसके साथ ही, जो **बिजली बिल और समेकित कर पटाते** है, उन्हें **आवास बनाने की पात्रता** दी जाएगी।
- हम प्रधानमंत्री आवास योजना के **हितग्राहियों की राशि का युक्तिकरण** करेंगे।
- हम अवैध कॉलोनियों के **लंबित आवेदनों का एक साल में निराकरण** करेंगे।





# सेवा क्षेत्र

## हमने किया

- **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना** के तहत राज्य में **1.99 करोड़ लोगों को राशन** प्रदान किया जा रहा है।
- भाजपा सरकार ने उद्योगों के लिए **एक सिंगल-विंडो क्लीयरेंस सिस्टम** लागू किया है, जो नए व्यवसायों के लिए अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाता है।
- भाजपा सरकार ने सुशासन सुनिश्चित करने और जनता के मुद्दों को बेहतर तरीके से संबोधित करने के लिए **सुशासन एवं अभिसरण (गुड गवर्नेंस एंड कन्वर्जेंस) डिपार्टमेंट** बनाया है।
- भाजपा सरकार द्वारा लॉन्च किया गया **अटल मॉनिटरिंग पोर्टल 23 विभागों में 35 प्रमुख योजनाओं** की निगरानी करने के लिए है।

## कांग्रेस का कुशासन

- लोगों को सस्ती बिजली और रियायत के झूठे सपने दिखा कांग्रेस सरकार ने **2022-23 में बिजली बिल में काफी बढ़ोतरी की थी।**
- कांग्रेस सरकार की लापरवाही के कारण **करोड़ों रुपये के चिकित्सा वाहन और एंबुलेंस कबाड़** का हिस्सा बन गए।
- कांग्रेस सरकार ने राज्य में **रोजगार आयोग** स्थापित करने का वादा किया था, जो स्थानीय रोजगार बढ़ाने के लिए सुविधाएं प्रदान करता, लेकिन इस दिशा में **कोई कदम नहीं उठाया** गया।

# हमारे वादे

## सेवा क्षेत्र

- हम **'माई सिटी ऐप'** लॉन्च करेंगे, जो नगर निगम की सभी सेवाओं को आपके घर तक सुनिश्चित करेगा। इसके साथ ही, हम **हर जोन में एक एकीकृत सेवा केंद्र** स्थापित करेंगे, ताकि शासकीय सुविधाओं को जनता तक पहुंचाया जा सके।
- हम **'सरकार तुंहर द्वार'** के तहत हर घर तक शासकीय सेवाओं और सुविधाओं को पहुंचाएंगे।
- हम **निदान हेल्पलाइन** के माध्यम से जनता की हर प्रकार की शिकायतों का त्वरित समाधान करेंगे।
- हम हर नगर निकाय में **प्रेस भवन की सुविधाओं में विस्तार करते हुए रीक्रिएशनल फैसिलिटी और पुस्तकालय** का निर्माण करेंगे।





# स्वच्छता

## हमने किया

- **स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)** के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में **592 सामुदायिक शौचालय और 992 जन शौचालय** बनाए गए हैं।
- **"स्वच्छता ही सेवा"** पहल के तहत छत्तीसगढ़ में **8,099 अलग-अलग अभियान** पूरे किये गए जिसमें **4.86 लाख लोगों ने भाग लिया।**
- केंद्र सरकार की **अमृत योजना** के अंतर्गत **स्वीकृत 351 प्रोजेक्ट में से 312 प्रोजेक्ट, ₹969.12 करोड़** की लागत से पूरे किए गए।

## कांग्रेस का कुशासन

- कांग्रेस शासित नगर निगमों में **महिलाओं के लिए बनाए गए टॉयलेट्स बदतर स्थिति** में है, जिसके कारण शहरों में महिलाओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।
- कांग्रेस शासित नगर निगम, **शहरों की सफाई के लिए अभी तक शारीरिक श्रम पर ही निर्भर है,** जिसके कारण शहर के **कोने-कोने तक सफाई नहीं पहुंच पा रही है।** सड़के ज्यादा और सफाई कर्मचारी कम, नतीजा गंदगी का साम्राज्य!
- कांग्रेस शासित नगर निगमों में **डंप यार्ड, हूपर वैन और डस्टबिन जैसी बुनियादी सुविधाएं ही मौजूद नहीं हैं** और जो हैं, उनकी देखभाल में लापरवाही बरती जा रही है।
- कांग्रेस सरकार ने **फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट और कचरा संग्रहण** के प्रबंधन की योजनाओं को लागू करने में पूरी तरह से **लापरवाही बरती** है।

# हमारे वादे

## स्वच्छता

- हम प्रत्येक **तालाब के लिए प्रभावी प्रणाली स्थापित** करेंगे और इसे **एस.टी.पी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) से जोड़ेंगे,** ताकि तालाबों की स्वच्छता हो सके।
- हम स्वच्छ और स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हर घर में **कचरा बाल्टी** मुहैया कराएंगे, **रात्रिकालीन सफाई** सुनिश्चित करेंगे और **स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम** के माध्यम से कचरा संग्रहण मार्गों की ट्रैकिंग करेंगे।
- हम बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए **पिंक टॉयलेट** की सुविधाओं का विस्तार करेंगे, ताकि उन्हें साफ, सुरक्षित और सुविधाजनक शौचालय मिल सके।





# जल

## हमने किया

- **जल जीवन मिशन** के अंतर्गत **विगत एक वर्ष में 1.22 लाख** घरों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।
- भाजपा सरकार की **जल जगार महोत्सव** पहल से जल संरक्षण को लेकर जागरूकता की गई और साथ ही **डिस्ट्रिक्ट लेवल ऑफिसर को जल संरक्षण के लिए प्रशिक्षित** किया गया।
- **जल जीवन मिशन** के अंतर्गत जनवरी 2025 तक **43,926 स्कूल एवं 41,665 आंगनबाड़ी** में नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

## कांग्रेस का कुशासन

- पिछली कांग्रेस सरकार ने **जल जीवन मिशन** में घोटाला कर छत्तीसगढ़ की जनता को प्यासा रखा! **अधूरे काम के बावजूद ठेकेदारों को वर्क कम्पलीशन सर्टिफिकेट बांटे** और टेंडर रद्द कर घोटाले पर पर्दा डाल दिया।
- कांग्रेस शासित नगर निगमों में **पानी की पाइपलाइनों का रखरखाव** सही तरीके से नहीं हुआ, जिसके कारण **पानी नियमित समय पर घरों तक नहीं पहुंचता है।** समस्या इस हद तक गंभीर हो गई कि **कई नगर निगमों में लोगों को धरना देना पड़ा।**
- कांग्रेस सरकार के **अधिकारियों की लापरवाही** से कांकेर जिले में **41 लाख लीटर पानी** बर्बाद हुआ, जब एक **मोबाइल फोन** निकालने के लिए सरकारी अधिकारियों ने पानी बेकार में बहाया।

# हमारे वादे

## जल

- हम हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए **नल से जल** की व्यवस्था को बेहतर करेंगे, **नए जल टैंक बनाएंगे** और **पुराने कुओं का संरक्षण व पुनरुद्धार** करेंगे।
- हम नगरीय निकाय के **तालाबों का संरक्षण सुनिश्चित** करेंगे ।
- हम शहरी ढांचे को सुधारेंगे ताकि **जल-जमाव और प्रदूषण** को रोकने के लिए आधुनिक **वर्षा जल प्रबंधन** को लागू किया जा सकें, जिसके लिए:
  - हम बाढ़ सेंसर युक्त **जल निकासी नेटवर्क** बनाएंगे, जो **जलभराव** और **प्रदूषण** रोकेगा।
  - हम अत्याधुनिक तकनीक से **नालियों की निगरानी और दूषित जल के बहाव** को वास्तविक समय में ट्रैक करेंगे।
  - हम **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग** और **जल संरक्षण** सुनिश्चित करेंगे।
- हम जल की गुणवत्ता की निगरानी के लिए:
  - **जल आपूर्ति पाइपों और सीवेज लाइनों** के समीप स्थानों की पहचान कर, स्टैंड पोस्ट व हैंड पंपों को खुले नालों से दूर कर **संक्रमण फैलने** से रोकेंगे।
  - बोरवेल व अन्य स्रोतों में रोगाणुओं की जांच करेंगे, **ई-मॉनिटरिंग के माध्यम से डेटा ट्रैक** करेंगे, और संक्रमण मिलने पर सूचित करेंगे।





# स्वास्थ्य

## हमने किया

- **आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना** के अंतर्गत **1,657 अस्पतालों** को पैनल में शामिल किया गया है और प्रदेश में **2.23 करोड़ आयुष्मान कार्ड** बनाए गए हैं।
- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM)** के अंतर्गत 2019 से छत्तीसगढ़ को **₹5,052.97 करोड़** से अधिक की राशि जारी की गई हैं।
- छत्तीसगढ़ की जनता को सस्ती दवाईयां मुहैया कराने हेतु **233 प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र** स्थापित किए गए हैं।
- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अक्टूबर 2024 में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में **240 बेड** वाले एक नए सुपर **स्पेशियलिटी अस्पताल (CIMS)** का उद्घाटन किया।

## कांग्रेस का कुशासन

- कांग्रेस सरकार के द्वारा 2020 में शुरू की गई **'हमर लैब'** योजना को घोटालों की नर्सरी बन गयी। **₹8.50** के मेडिकल सामान को **₹2,352** में खरीदा गया, जिससे राज्य को **₹750 करोड़ का नुकसान हुआ।**
- कांग्रेस सरकार की योजना में कुप्रबंधन के कारण **मोबाइल हेल्थकेयर वैन** लोगों को प्रदान नहीं की गई और कांग्रेस सरकार ने फंड का दुरुपयोग भी किया।
- कांग्रेस के शासनकाल में **अधिकांश प्राथमिक सेवा केंद्र बंद हो गए,** जो स्वास्थ्य के प्रति कांग्रेस की उदासीनता दिखाता है।

# हमारे वादे

## स्वास्थ्य

- हम **'मोर क्लीनिक'** स्थापित करेंगे, जो प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर रेफरल केंद्र के रूप में भी कार्य करेंगे, ताकि हर नागरिक को सुलभ और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।
- हम छत्तीसगढ़ को **सिकल सेल एनीमिया मुक्त प्रदेश बनाएंगे**, जिसके तहत निगम क्षेत्रों में स्क्रीनिंग केंद्र स्थापित करेंगे और सभी मरीज़ों को सिकल सेल एनीमिया पहचान पत्र जारी करेंगे।
- हम सभी नागरिकों के लिए **डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड** की सुविधा शुरू करेंगे, जिससे उनकी स्वास्थ्य संबंधी सभी जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित और आसानी से उपलब्ध होगी।
- हम सस्ती, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सुसज्जित **प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र** स्थापित करेंगे, और झुग्गीवासियों के लिए **मोबाइल मेडिकल यूनिट/बसों** की संख्या बढ़ाएंगे।
- हम **आयुष्मान भारत योजना** के तहत सबका स्वास्थ्य कवरेज सुनिश्चित करेंगे और वरिष्ठ नागरिकों का भी विशेष रूप से ध्यान रखेंगे।




- हम **प्रधानमंत्री जन औषधि योजना** के तहत सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाईयों की उपलब्धता और उनका प्रबंधन बेहतर करेंगे।
- हम **राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (NVBDCP)** को सख्ती से लागू कर, नगर निगम और पालिका क्षेत्रों को डेंगू व अन्य स्वास्थ्य सम्बंधित खतरों से मुक्त करेंगे।



# युवा एवं शिक्षा

## हमने किया

- **दीन दयाल उपाध्याय - ग्रामीण कौशल योजना (DDU-GKY)** के अंतर्गत **58,386 उम्मीदवारों** को प्रशिक्षित किया गया और **33,255** को सफलतापूर्वक नौकरी दी गई।
- **राजीव युवा उत्थान योजना** के तहत, भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के युवाओं को दिल्ली में मुफ्त यू.पी.एस.सी. कोचिंग प्रदान करती है।
- भाजपा सरकार ने **नई औद्योगिक नीति** की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य निवेश और रोजगार के अवसरों को आकर्षित करना है।
- **हिंदी दिवस** के अवसर पर भाजपा सरकार ने **MBBS शिक्षा को हिंदी में शुरू करने का निर्णय किया है।**
- **प्रधानमंत्री श्री योजना** के तहत छत्तीसगढ़ में **392 पीएम श्री स्कूल** स्थापित किए गए हैं।

## कांग्रेस का कुशासन

- कांग्रेस सरकार के **पी.एस.सी घोटाले** ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को भ्रष्टाचार और भतीजावाद का अड्डा बना दिया, जिससे छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ हुआ। 2018 के चुनावी वादों के बावजूद, सुधार तो दूर, **2021 की परीक्षा चयन सूची में राजनीतिक और ब्यूरोक्रेट्स के रिश्तेदारों** को चयनित किया गया।
- कांग्रेस सरकार की **राजीव युवा मित्र क्लब योजना** के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में **13,269 क्लब** स्थापित किए गए थे, परंतु यह क्लब **युवाओं के बजाय कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अड्डा बन कर रह गए।**
- इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना को बढ़ावा देना के लिए कांग्रेस सरकार ने **बाकी स्कूलों के बजट आवंटन में कटौती** कर, छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया।
- कांग्रेस सरकार ने पंचायतों में **आधुनिक पुस्तकालय** स्थापित करने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में रहते हुए इस पर **कोई कदम नहीं उठाया गया** और युवाओं को उपेक्षित होना पड़ा।

# हमारे वादे

## युवा एवं शिक्षा

- हम प्रमुख नगर निकाय में **नालंदा परिसर** पर आधारित सार्वजनिक अध्ययन केंद्र शुरू करेंगे और **पुस्तकालयों में सीटों की संख्या भी बढ़ाएंगे।**
- हम प्रत्येक नगर निकाय में **'महापौर सम्मान निधि'** की स्थापना करेंगे, जिसके तहत **यू.पी. एस.सी. मुख्य परीक्षा (MAINS)** उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को **₹1 लाख** की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।
- हम **विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा** सुनिश्चित करेंगे।
- हम राज्यभर में **रोजगार मूलक स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स** स्थापित करेंगे, जो की युवाओं के लिए उद्यमशीलता, व्यक्तित्व विकास और रोजगार के अवसर को बढ़ाएंगे।
- हम कला स्टूडियो स्थापित कर राज्य के **'डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स', कंटेंट क्रिएटर्स और आर्टिस्ट समुदाय** को सशक्त करेंगे और उन्हें **तकनीकी प्रशिक्षण** भी देंगे।





# श्रमिक कल्याण

## हमने किया

- **प्रधानमंत्री मुद्रा योजना** के तहत 2023-2024 में **10,35,574 खातों में ₹8,436 करोड़** का ऋण वितरण किया गया है।
- मोदी सरकार ने श्रम कानूनों के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए **ई-श्रम सुविधा पोर्टल** लॉन्च किया है, इस पोर्टल पर छत्तीसगढ़ के **85.44 लाख श्रमिकों** ने पंजीकरण किया है।
- भाजपा सरकार ने **अन्नपूर्णा दाल-भात केंद्रों** की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य श्रमिकों को सस्ता और पोषक भोजन प्रदान करना है। **₹5 की मामूली लागत पर भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।**
- **प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना** के तहत **1.33 लाख** ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी कुल राशि **₹196.74 करोड़** है।

## कांग्रेस का कुशासन

- कांग्रेस सरकार ने **पुरुष और महिला श्रमिकों के वेतन में भेदभाव** नहीं करने का वादा किया था, लेकिन यह सिर्फ एक **कागज़ी वादा** बनकर रह गया।
- कांग्रेस सरकार ने **श्रमिकों के हालात सुधारने के लिए न कोई ठोस कदम उठाए,** और न ही **उनके बच्चों की शिक्षा** को लेकर पिछले पांच साल में कोई नीति बनाई।

# हमारे वादे
## श्रमिक कल्याण

- हम प्रत्येक नगर निगम में **श्रमिक विश्राम गृह** की स्थापना करेंगे, ताकि श्रमिकों को आराम के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक स्थान मिल सके। साथ ही, उन शहरों में जहां रैन बसेरा नहीं है, वहाँ **नए रैन बसेरे खोले जाएंगे,** और जहाँ पहले से मौजूद हैं, उन्हें पूरी तरह से **क्रियाशील और सुविधाजनक** किया जाएगा।

- हम **असंगठित और गिग श्रमिकों** के कल्याण के लिए निम्नलिखित योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगे:
  - **कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा -** हम गिग श्रमिकों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत पूरी तरह कवर करने का प्रयास करेंगे।
  - **विश्वकर्मा-ठीहा योजना -** इस योजना के तहत कारीगरों, परंपरागत व्यवसायों और असंगठित उत्पादक वर्ग को केवल **सुगम ऋण** ही नहीं, बल्कि अपना कारोबार चलाने के लिए **नगर निकायों में छोटे बाजार और उपयुक्त स्थान** भी उपलब्ध कराए जाएंगे।





# संस्कृति

## हमने किया

- **श्री रामलला दर्शन योजना** के तहत **22,000 श्रद्धालुओं** ने पावन अयोध्या भूमि पर श्री रामलला के दर्शन किए।
- भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़िया भाषा को बढ़ावा देने हेतु **छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के विलय को समाप्त** किया।
- भाजपा सरकार ने **18 स्थानीय भाषाओं में शैक्षिक सामग्री तैयार** करने की पहल की है, जिससे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखा जा सके।
- छत्तीसगढ़ में पहली बार **हरित शिखर सम्मलेन** किया गया जिसका उद्देश्य राज्य की पारंपरिक **वन संपदा, औषधीय उत्पादों और सांस्कृतिक धरोहर** को बढ़ावा देना है।
- भाजपा सरकार नया रायपुर में **₹45 करोड़** की लागत से **आदिवासी संग्रहालय** बना रही है।

## कांग्रेस का कुशासन

- कांग्रेस सरकार **महात्मा गांधी शहरी सम्मान पुरस्कार** को लागू करने में **विफल रही,** जिससे **स्थानीय प्रतिभाओं** और **शहरी योगदानकर्ताओं** को प्रोत्साहन और सम्मान देने का वादा अधूरा रह गया।
- राज्य में **कांग्रेस के शासनकाल में धर्मांतरण के मामले लगातार बढ़े** और कांग्रेस की सरकार ने इसे और प्रोत्साहित किया।
- पिछली कांग्रेस सरकार ने **₹100 करोड़ के गौठान घोटाले** से न सिर्फ गांवों का विकास रोका, बल्कि छत्तीसगढ़ की पारंपरिक **पशुपालन संस्कृति तक से खिलवाड़** किया।कांग्रेस ने **10,743 गौठान बनाने का दावा किया,** लेकिन ज्यादातर खाली पड़े रहे।

# हमारे वादे

## संस्कृति

- हम प्रत्येक नगर निगम में **'कला केंद्र'** की स्थापना करेंगे, जहां इच्छुक लोगों को **विभिन्न कलाओं में प्रशिक्षण** दिया जायेगा।
- हम **'गोकुल नगर'** का विस्तार करेंगे, ताकि गोवंश संरक्षण, उनकी देखभाल और आवास के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।
- हम **मुक्ति धामों में उचित सफाई, शेड, पानी, और प्रकाश** की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, ताकि अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को सम्मानजनक, सुगम और स्वच्छ वातावरण में संपन्न किया जा सके।
- हम हर नगर निकाय में **ओपन थिएटर** की स्थापना करेंगे और स्थानीयों फिल्मों और अन्य स्थानीय भाषाओं के कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे।
- हम **श्रद्धांजलि योजना** के तहत **₹500 की वृद्धि** कर सभी हितग्राहियों को **₹2,500 प्रदान करेंगे** ताकि उन्हें कठिन समय में आर्थिक संबल मिल सके।





# खेल-कूद

## हमने किया

- भाजपा सरकार ने **बस्तर ओलंपिक का आयोजन** किया, जो कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में **पहली बार** आयोजित हुआ।
- **छत्तीसगढ़ राज्य खेल अलंकरण समारोह** राज्य के खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए 5 वर्षों के बाद भाजपा द्वारा फिर से आयोजित किया गया।
- भाजपा सरकार **जशपुर जिले** के आदिवासी क्षेत्र में एक **अत्याधुनिक खेल स्टेडियम** का निर्माण करवा रही है।

## कांग्रेस का कुशासन

- **राज्य खेल अलंकरण समारोह**, जो खिलाड़ियों को सम्मानित करता है और खेल संस्कृति को बढ़ावा देता है, **कांग्रेस के कार्यकाल** के दौरान **रोक दिया गया था जिससे खिलाड़ियों को असुविधा** का सामना करना पड़ा।
- कांग्रेस **इंदिरा गांधी स्टेडियम** को **स्पोर्ट्स एकेडमी** में बदलने का वादा पूरा करने में **असफल** रही, और चिन्हित खेलों के लिए कोई सुविधाएं विकसित नहीं की, जिससे इन खेलों से संबंधित कोई बड़ा आयोजन नहीं हो सका।
- **छत्तीसगढ़िया ओलंपिक्स** के नाम पर कांग्रेस की पूर्व सरकार ने **भ्रष्टाचार** कर छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को धोखा दिया है।

# राज्य स्तरीय वादे

## खेल-कूद

- हम प्रत्येक नगर निगम में **एक आधुनिक स्टेडियम का निर्माण करेंगे,** जहां युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए उत्कृष्ट खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी।
- हम छत्तीसगढ़ में **फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए व्यापक कदम उठाएंगे,** जिसके लिए:
  - हम हर नगर निगम में **'ऑक्सी जोन'** का निर्माण करेंगे, जहां शुद्ध वायु और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा।
  - हर प्रमुख स्थानों में **सार्वजनिक जिम** स्थापित करेंगे, ताकि नागरिकों को सस्ती और सुविधाजनक फिटनेस सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।
  - राज्य के सभी नगर निगमों में **एक स्पोर्ट्स फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा,** जो प्रतिभा और सामुदायिक भावना को प्रोत्साहित करेगा।



# नोट्स

# नोट्स

# भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, धमतरी रोड, बोरियाकला, रायपुर